पूर्वोत्तर रेलवे

कार्यालय
मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्मिक
लखनऊ

सं. ई / ।।। / प्रगति / गतिशक्ति यूनिट / हायरिंग / 2023

दिनांक 25.04.2023

अधिसूचना

विषय :– भारतीय रेल के किसी जोन / मण्डल / रेलवे पीएसयू से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को लखनऊ मण्डल के गतिशक्ति यूनिट में कार्य हेतु मासिक पारिश्रमिक आधार पर हायरिंग किये जाने के सम्बन्ध में।

रेलवे बोर्ड के पत्र सं. E(NG)II/2010/RC-4/6 dt 27-09-2012, E(NG)II/2007/RC-4/CORE/1 dt 16-10-2017, 12.12.2017, 24-10-2019, 28.11.2019 & No. 2021/W-I/Genl./Gati Shakti Dt 27.07.2022 के आधार पर पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के गतिशक्ति यूनिट में निम्न रिक्तियों हेतु भारतीय रेल के किसी जोन / मण्डल / रेलवे पीएसयू से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को मासिक पारिश्रमिक पर गतिशक्ति यूनिट लखनऊ मण्डल में कार्य करने के लिए संलग्न आवेदन पत्र के प्रारूप पर एक वर्ष के लिए संविदा पर हायरिंग करने हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार दर्शाया गया है :

क्रमांक	पदनाम	रिक्तियाँ
1	कार्यालय अधीक्षक / कार्य	01
2	एस0एस0.ओ0(लेखा)	01
3	सीसेइं / सिग.	01
4	सीसेइं / विद्युत / टीआरडी	01
5	सीसेइं / विद्युत / सामान्य	01

आवेदन की शर्तें निम्नलिखित हैं:

1. क) सेवानिवृत्त कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन पत्रों की उपयुक्तता / दक्षता का मूल्यांकन निम्नलिखित आधार पर किया जाएगा–

   i) एपीएआर / डीएआर / अवार्ड ii) शैक्षणिक योग्यता iii) साक्षात्कार

   ख) कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से पिछले तीन वर्षों की एपीएआर ली जाएगी। तीनों वर्षों की एपीएआर अतिउत्तम होनी चाहिए। यदि किसी वर्ष की एपीएआर नहीं है तो उससे पिछले वर्ष की एपीएआर पर विचार किया जाएगा।
2. जो सेवानिवृत्त कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्त / निष्कासन / पदच्युत या अनिवार्य सेवानिवृत्त किये गये हैं वह हायरिंग की पात्रता नहीं रखते हैं।
3. पुनः सेवा नियुक्ति के समय सेवानिवृत्त कर्मचारी को हायर करते समय आवेदित कोटि की निर्धारित चिकित्सा श्रेणी की चिकित्सा परीक्षा को उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।
4. हायरिंग हेतु अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष है, एवं अधिसूचना की तिथि को ऐसे कर्मचारी की अधिकतम आयु 64 वर्ष या इससे कम होना चाहिए।
5. रिक्तियों के सापेक्ष मेरिट के आधार पर पैनल तैयार किया जाएगा तथा उतनी ही संख्या में शैडो / स्टैंड बाय पैनल भी तैयार किया जाएगा, जिसमें मेरिट के अनुसार स्टैंड बाय (वेटिंग लिस्ट) उम्मीदवार को रखा जाएगा। यदि मुख्य पैनल पर से कोई उम्मीदवार टर्नअप नहीं होता है तो स्टैंडबाय (वेटिंग लिस्ट) से उम्मीदवार को बुलाया जाएगा।

6. ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारी जिन्होंने आवेदन किया है या फिर से नियोजित/परामर्शदाता के आधार पर किसी अन्य संगठन में काम कर रहे हैं वे भी आवेदन कर सकते हैं लेकिन उन्हें गतिशक्ति यूनिट (परिणाम के प्रकाशन से) में एक महीने के अन्दर कार्यभार ग्रहण करना होगा। यदि वे एक महीने के अन्दर कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं तो इसे उनकी स्वतः अस्वीकृति माना जाएगा और स्टैंडबाय (वेटिंग लिस्ट) सूची से उम्मीदवार को बुलाया जाएगा।
7. पात्र पाये गये उम्मीदवारों के अंकों के समान होने की स्थिति में एपीएआर की उच्च ग्रेडिंग प्राप्त उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। एपीएआर ग्रेडिंग समान होने की स्थिति में कम उम्र के उम्मीदवार (जन्मतिथि के अनुसार) को प्राथमिकता दी जायेगी।
8. भारतीय रेल के किसी क्षेत्रीय/मण्डल/रेलवे पीएसयू से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी भी आवेदन कर सकते हैं परन्तु पूर्वोत्तर रेल से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को हायरिंग हेतु प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।
9. उपयुक्त पाये गये उम्मीदवार को लखनऊ मण्डल के किसी भी कार्यस्थल पर पदस्थ किया जा सकता है।
10. सेवानिवृत्त कर्मचारी आवेदन करते समय आवेदन पत्र लिफाफे के शीर्ष पर पत्र संख्या, दिनांक, आवेदित पद का नाम एवं सेवानिवृत्ति के समय धारित पद एवं कार्यस्थल/विभाग (जहां से सेवानिवृत्त हुए) का स्पष्ट रूप से उल्लेख मोटे अक्षरों में किया जाना एवं एप्लीकेशन फार हायरिंग लिखना आवश्यक है। पात्रता के लिए कट आफ डेट अधिसूचना की तिथि से ही मान्य होगी।
11. संविदा पर हायरिंग पर नियुक्ति दोनों पक्षों (प्रशासन एवं सुपरवाइजर) के द्वारा 14 दिन के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है।

इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी अपना आवेदन पत्र दो प्रतियों में निर्धारित प्रारूप (संलग्नक–अ) पर दिनांक 12.05.2023 सायं 17.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में स्वयं आकर इस कार्यालय में प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग (मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्मिक, पूउरे, लखनऊ) में जमा कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्मिक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के पते पर भेज सकते हैं। अन्तिम तिथि 12.05.2023 सायं 17.00 के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

निर्धारित प्रारूप (संलग्नक–अ)

(एस.के.श्रीवास्तव)
सहायक कार्मिक अधिकारी
लखनऊ

प्रतिलिपि :

1. मण्डल रेल प्रबन्धक महोदय, को सादर सूचनार्थ
2. मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गतिशक्ति यूनिट, लखनऊ मण्डल को सादर सूचनार्थ
3. शाखाधिकारी, लखनऊ मण्डल को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु।
4. ईडीपीएम/लजं : पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. मंडल मंत्री, नरमू, एससीएसटी एवं ओबीसी एसोसिएशन को सूचनार्थ
6. मुख्य कार्यालय अधीक्षक(प्राप्ति एवं प्रेषण) अनुभाग–कृपया प्राप्त आवेदनों को सूची सहित 12.05.2023 तक प्रगति अनुभाग में भेजना सुनिश्चित करें।
7. संबंधित मुख्य कार्यालय अधीक्षक/कार्मिक लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्मिक
लखनऊ

'अ'

आवेदन पत्र का प्रारूप

लखनऊ मण्डल, पूर्वोत्तर रेलवे के गतिशक्ति यूनिट के लिए भारतीय रेल के किसी जोन/मंडल/रेलवे पीएसयू से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों से हायरिंग हेतु आवेदन का प्रारूप (आवेदन की अन्तिम तिथि 12.05.2023)

पद का नाम–

(जिस पद के लिये आवेदन किया जा रहा है)

नवीनतम फोटो

1. सेवानिवृत्त कर्मचारी का नाम –
2. पिता का नाम –
3. जन्मतिथि (DD-MM-YYYY)–
4. सेवानिवृत्त कर्मचारी का पदनाम एवं स्टेशन –
5. कार्यालय का नाम जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं –
6. सेवानिवृत्ति की तिथि (DD-MM-YYYY) –
7. 64 वर्ष की आयु पूर्ण होने की तिथि –
8. दिनांक 06.01.2023 को आयु (वर्ष, माह एवं दिन) –
9. ग्रेड पे/पे लेवल(सेवानिवृत्ति के समय) –
10. स्वीकृत बेसिक पेंशन की राशि –
11. पत्राचार के लिए वर्तमान एवं स्थायी पता –
12. पीपीओ नं. (पीपीओ की छायाप्रति संलग्न करें) –
13. दूरभाष नं./मोबाइल नम्बर –
14. ई मेल आई डी –

नोट – सभी संलग्न प्रपत्र स्वसत्यापित होना चाहिए।

मैं घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा उपरोक्त दिये गये विवरण मेरे ज्ञान और जानकारी के अनुसार पूर्णतः सही हैं, असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाये।

दिनांक

आवेदक के हस्ताक्षर

आवेदक का नाम